संख्या–cm-580
27/12/2025

# मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाले निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण, तेजी से पूर्ण करने के दिये निर्देश

- **बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।**

पटना, 27 दिसम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाले निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को टनल के निर्माण कार्य की प्रगति और अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूज़ियम सब–वे टनल का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसके बन जाने से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होगी, इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टनल का निर्माण इस प्रकार कराये जिससे नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण करने के पूर्व बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहाँ 11 मंज़िला भवन का निर्माण कराया जाना है। यहाँ निर्मित होनेवाले भवन के नये परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां पर्याप्त पार्किंग का प्रबंध रहेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को तेजी से आगे बढ़ायें। हमारे मन में पहले से ही यह इच्छा थी कि पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बने जो हर प्रकार की आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित हो। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिला इमारत के बन जाने से आवासन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण कर प्रदर्शों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के प्रथम तल पर पहुँचकर नालंदा महाविहार, सांची स्तूप से संबंधित लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी एवं बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर की परिक्रमा संबंधी 3–डी चलचित्र को देखा। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों, पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार,

मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******